# भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान
**INDIAN INSTITUTE OF TROPICAL METEOROLOGY**
**डॉ. होमी भाभा मार्ग, पाषाण, पुणे - 411008**
**Dr. Homi Bhabha Road, Pashan, Pune- 411008**


## (विज्ञापन सं. PER/03/2026)
## Advertisement Number: PER/03/2026

## आई.आई.टी.एम. अनुसंधान अध्येता पद हेतु विज्ञापन
## Advertisement for the post of IITM Research Fellow

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आई.आई.टी.एम.), पुणे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एम.ओ.ई.एस.), नई दिल्ली के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान संगठन है, जो मौसम और जलवायु विज्ञान के विभिन्न पक्षों पर अग्रणी अनुसंधान हेतु पूर्ण रूप से समर्पित है। इन गतिविधियों में स्नातकोत्तरों का प्रशिक्षण तथा मौसम एवं जलवायु पूर्वानुमान के कौशल में निखार लाने के उद्देश्य से उन्हें वायुमंडलीय एवं महासागरीय विज्ञान में अनुसंधान के क्षेत्र में जीविका हेतु प्रेरित करना सम्मिलित है।

Indian Institute of Tropical Meteorology (IITM), Pune is an Autonomous Research Organization under Ministry of Earth Sciences (MoES), New Delhi, fully devoted to cutting edge research in various aspects of Weather and Climate Science. The activities include training of post graduates and motivating them to take up research careers in atmospheric and oceanic sciences with the aim to improve the skill of weather and climate forecasts.

संस्थान के पास भारत का पहला मल्टी पेटाफ्लॉप सुपर कंप्यूटर; रडार, रेडियोमीटर, लिडार आदि जैसी प्रेक्षणात्मक सुविधाएं, पुराजलवायु अध्ययन हेतु प्रयोगशालाएं, द्रव गतिकी आदि, आधुनिक पुस्तकालय, कार्यशाला और अन्य वैज्ञानिक सहायता जैसी उत्कृष्ट अवसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसका विभिन्न विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मजबूत संबंध है। संस्थान के प्रमुख शोध क्षेत्रों में जलवायु मॉडलिंग, जलवायु परिवर्तन अनुमान, जलवायु परिवर्तनशीलता एवं जलवायु गतिकी, दीर्घावधि एवं मौसमी पूर्वानुमान, उष्णकटिबंधीय मेघों की भौतिकी एवं गतिकी, बाउंड्री लेयर में विक्षोभ, एयरोसोलमेघ-अवक्षेपण अंतः क्रिया, वायु प्रदूषण की निगरानी, मॉडलिंग एवं पूर्वानुमान, उपग्रह और रडार मौसम विज्ञान तथा पुराजलवायु विज्ञान।

The Institute has excellent infrastructural facilities such as India's first Multi Petaflop Super Computer, observational facilities like RADARs, Radiometers, LIDAR etc., laboratories for paleoclimate studies, fluid dynamics etc., modern library, workshop and other scientific support. It has a strong link with various universities and National and International organizations. Major research areas at the Institute are climate modelling, climate change projections, Climate variability and climate dynamics, extended range and seasonal forecasts, physics and dynamics of tropical clouds, boundary layer turbulence, aerosol-cloud-precipitation interaction, air pollution monitoring, modelling and prediction, satellite and radar meteorology and paleoclimatology.

निम्नलिखित अनुसंधान पदों के लिए आई.आई.टी.एम. ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :
IITM invites online application for the following research positions:

| | | |
|---|---|---|
| **पद का नाम/ Name of the post** | : | **आई.आई.टी.एम. अनुसंधान अध्येता (20 पद : मौजूदा 15 +बॅकलॉग 5 पद)**<br>**IITM Research Fellow (20 posts: Current 15 + Backlog 5 posts)** |
| **पदों की संख्या Number of post** | : | **15 पद (आरक्षण : अ.जा.-03, अ.ज.जा.-02, अ.पि.व.-03, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग - 02 अनारक्षित-05)**<br>**बॅकलॉग पद: 5 पद (आरक्षण: अ.जा-03, अ.ज.जा-01, अ.पि.व-01)**<br>* 02 पद मानक विकलांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्लल्यूबीडी) के लिए आरक्षित हैं ।<br>**15 Posts (Reservation: SC-03, ST-02, OBC-03,EWS-02, UR-05)**<br>**Backlog positions: 5 Posts (Reservation: SC-03, ST-01, OBC-01)**<br>* 02 posts are reserved for Persons with Benchmark Disability. |
| **अनिवार्य योग्यता Essential Qualification** | : | (i) **भौतिक विज्ञान** [इनमें भौतिकी/ अनुप्रयुक्त भौतिकी/ वायुमंडलीय विज्ञान/ मौसम विज्ञान/ समुद्र विज्ञान/ जलवायु विज्ञान/ मौसम विज्ञान के साथ भूभौतिकी/ पर्यावरणीय विज्ञान/ इलेक्ट्रॉनिक्स या समकक्ष विषय शामिल हैं] / **रसायन विज्ञान** [इनमें रसायन शास्त्र/ भौतिकीय रसायन शास्त्र / अकार्बनिक रसायन शास्त्र / कार्बनिक रसायन शास्त्र या संबंधित विषय शामिल हैं] / **गणितीय विज्ञान** [इनमें गणित/ अनुप्रयुक्त गणित / सांख्यिकी या संबंधित विषय शामिल हैं] में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि।<br>या<br>एम. टेक. वायुमंडलीय/ सामुद्रिक विज्ञान या संबंधित विषयों में।<br>या<br>इंजीनियरिंग की किसी भी शाखा से स्नातकोत्तर की उपाधि।<br>और<br>(ii) अभ्यर्थी को निम्नलिखित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में से एक में अहर्ता प्राप्त होना चाहिए: सीएसआईआर-यूजीसी नेट/ यूजीसी नेट/ आईसीएआर नेट (व्याख्याता/ सहायक प्रोफेसरशिप)/ गेट/ जेस्ट।<br>(iii) सामान्य और अ.पि.व. श्रेणी के लिए कम से कम 55% अंकों (अ.जा., अ.ज.जा. एवं बेंचमार्क अशक्तताओं से युक्त व्यक्तियों के लिए 50%) के साथ किसी भी शाखा से स्नातकोत्तर उपाधि ।<br>(iv) अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर भौतिकी या गणित का अध्ययन किया हो।<br><br>(i) Post Graduate degree from a recognized University in **Physical Sciences** [includes Physics/ Applied Physics/ Atmospheric Sciences/ Meteorology/ Oceanography / Climate Science/ Geophysics with Meteorology/ Environmental Sciences/ Electronics or related subjects] **/ Chemical Sciences** [includes Chemistry/ Physical Chemistry/ Inorganic Chemistry/ Organic Chemistry or related subjects]**/ Mathematical Sciences** [includes Mathematics/ Applied Mathematics/ statistics or related subjects].<br><br>**OR** |

| | | |
|---|---|---|
| | | M. Tech. in Atmospheric/ Oceanic Sciences or related subjects.<br>**OR**<br>Master's degree from any branch of Engineering.<br>**AND**<br>(ii) The candidates should have qualified in one of the following national level examinations: CSIR-UGC NET / UGC NET / ICAR NET (Lecturership / Assistant Professorship) / GATE / JEST.<br>(iii)The Candidates should have at least 55% aggregate marks for General and OBC Category (50% for SC, ST and PwBD) in the Master's degree.<br>(iv)The candidates should have studied Physics AND Mathematics subjects at bachelor's degree. |
| **वांछनीय योग्यता**<br>**Desirable Qualification** | : | कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, फोरट्रान, सी, पायथन में प्रदर्शित कौशल और लिनक्स, यूनिक्स, विंडोज प्लेटफार्मों में काम करने का अनुभव ।<br>Demonstrated skills in computer programming, FORTRAN, C, PYTHON and working experience in Linux, UNIX, Windows platforms. |
| **आयु सीमा**<br>**Age Limit** | : | **27.04.2026** को **28 वर्ष**<br>**28 years** as on **27.04.2026** |
| **वेतन**<br>**Emoluments** | : | रु. 37,000/- प्रतिमाह के साथ स्वीकार्य एचआरए<br>Rs. 37,000/- p.m. plus admissible HRA |
| **कार्यकाल**<br>**Tenure** | : | 04 वर्ष (उम्मीदवार को पहले दो वर्षों के भीतर पीएचडी के लिए पंजीकरण कराना होगा, या सीएसआईआर/ यूजीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार)<br>04 years (The candidate need to register for Ph.D. within first two years, or as per the guidelines of CSIR/UGC) |

**<u>आई.आई.टी.एम. अनुसंधान अध्येता पदों के लिए महत्वपूर्ण बिंदु:</u>**
**<u>Important points for IITM Research Fellow positions:</u>**

1. ऐसे उम्मीदवार जो सीएसआईआर-यूजीसी-नेट/ यूजीसी-नेट/ आईसीएआर नेट (व्याख्याता/ सहायक प्रोफेसरशिप)/ गेट/ जेस्ट उत्तीर्ण हैं और एमएससी/ एमएस/ एम टेक/ एमई के अंतिम वर्ष के लिए उपस्थित हुए/ होने वाले हैं, वे आई.आई.टी.एम. आरएफ़ के लिए आवेदन कर सकते हैं और अपने पिछले सेमेस्टर तक के कुल अंक लिख सकते हैं जिसमें वे उपस्थित हुए हैं, लेकिन उनकी नियुक्ति एम.टेक./ एमएससी/ एमएस/एमई परीक्षा उत्तीर्ण करने के अधीन है, जो कि अंकपत्र/ अनंतिम डिग्री प्रमाण पत्र द्वारा प्रमाणित होती है।
Candidates who have qualified CSIR-UGC NET/ UGC NET /ICAR NET (Lectureship / Assistant Professorship) / GATE / JEST and appeared / to appear for final year of M.Sc. / M.S. / M. Tech. / M.E. can also apply for the IITM Research Fellow positions and should write their aggregate marks up to the latest semester they have appeared, but their appointment shall be subject to having passed the M. Tech./ M.Sc./ M.S./ M.E. examination as evidenced by mark sheets/ provisional degree certificates.

2. जिन उम्मीदवारों के पास सीएसआईआर/ यूजीसी/ डीएसटी-इंस्पायर से वैध अध्येतावृत्ति है, उन्हें भी आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऐसे उम्मीदवारों को अध्येतावृत्ति की अपनी वरीयता के संबंध में

ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्दिष्ट करने की आवश्यकता है कि क्या वे आई.आई.टी.एम.. अनुसंधान अध्येतावृत्ति या सीएसआईआर/ यूजीसी/ डीएसटी-इंस्पायर अध्येतावृत्ति का लाभ उठाना चाहते हैं।
Candidates who have a valid fellowship from CSIR / UGC / DST-INSPIRE are also encouraged to apply. Such candidates need to specify in the online application form about their preference of fellowship whether they wish to avail IITM Research Fellowship or CSIR /UGC / DST-INSPIRE fellowship.
3. जिन उम्मीदवारों के पास वैध डीएसटी-इंस्पायर अध्येतावृत्ति है, लेकिन ऊपर उल्लिखित किसी भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में अहर्ता प्राप्त नहीं हैं, उन्हें केवल डीएसटी-इंस्पायर अध्येतावृत्ति का लाभ उठाना होगा।
Candidates who have valid DST-INSPIRE fellowship, but not qualified in any of the national level examinations mentioned above, will have to avail the DST-INSPIRE fellowship only.

**आयु सीमा में छूट**
**Age Limit Relaxation:**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बेंचमार्क अशक्तताओं से युक्त व्यक्तियों और महिला उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष और अ.पि.व. (नॉन-क्रीमी-लेयर) उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष की छूट है।
Upper age limit is relaxed by 05 years for SC, ST, Persons with Benchmark Disability (PwBD) and Women candidates, and 03 years for OBC (Non-creamy-layer) candidates.

**बेंचमार्क अशक्तताओं से युक्त व्यक्तियों के लिए शर्तें**
**Persons with Benchmark Disability (PwBD) Clauses:**

बेंचमार्क अशक्तताओं से युक्त व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों के तहत आवेदन करने योग्य हैं: -

- बधिरता एवं अल्प श्रवणता
- प्रमस्तिष्क पक्षाघात, निदानित कुष्ठ रोग, बौनापन, अम्ल आक्षेप पीड़ित तथा मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन विकलांगता

PwBD candidates under the following clauses are eligible to apply:-

- Deaf and hard of hearing
- Locomotor disability including cerebral palsy, leprosy cured, dwarfism, acid attack victims and muscular dystrophy.

**आवेदन कैसे करें / How to Apply:**

1) संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन केवल ऑन लाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। हार्ड कॉपी स्वीकार्य नहीं है।
Applications along with supporting documents will be received in on-line mode only. No hard copies are to be submitted.

2) आवेदन पोर्टल आई.आई.टी.एम. की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक https://www.tropmet.res.in/Careers पर होस्ट किया जाएगा। आवेदन पोर्टल **12.03.2026 (सायं 5 बजे)** से **27.04.2026 (सायं 5 बजे)** तक सक्रिय रहेगा।

The application portal will be hosted on IITM website at the following link https://www.tropmet.res.in/Careers. The portal shall be active from **12.03.2026 (1700 hrs)** to **27.04.2026 (1700 hrs)**.

3) आवेदन पूरा करने पर, प्रत्येक आवेदक को एक ऑन-लाइन आवेदन आईडी प्राप्त होगी, जिसे भविष्य में किसी भी प्रकार के संदर्भ एवं पत्राचार हेतु सावधानीपूर्वक सुरक्षित रख लें। आवेदक का सक्रिय एवं वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर आवेदन में अनिवार्य है। ई-मेल आईडी बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
Upon completing application, each applicant would receive an on-line Application ID, which should be carefully preserved for future reference and correspondence. Active and valid E-mail ID and Mobile Number of the applicant are compulsory in the application. Any request for change of e-mail id will not be entertained.

4) अपूर्ण आवेदन और इस विज्ञापन में निर्दिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप न होने वाले आवेदनों पर आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन करते समय, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वे पात्रता मानदंड और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, और उनके द्वारा प्रस्तुत विवरण पूर्ण रूप से सत्य है।
Incomplete applications and applications not in conformity with the requirements indicated in this advertisement will not be considered for further processing. While applying, candidates need to ensure that they fulfill the eligibility criteria and other requirements, and that the particulars furnished by them are correct in all respects.

5) यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और/या अन्य आवश्यकताओं का पालन नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है और/या किसी महत्त्वपूर्ण तथ्य/तथ्यों को छुपाया है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।
In case it is found at any stage of recruitment process that the candidate does not fulfill the eligibility criteria and/or does not comply with other requirements and/or he/she has furnished any incorrect/false information and/or has suppressed any material fact(s), his/her candidature is liable to be rejected.

6) उम्मीदवार द्वारा किए गए कई आवेदनों के संदर्भ में, प्रक्रिया हेतु केवल नवीनतम आवेदन पर विचार किया जाएगा।
In case of multiple applications by a candidate, only the latest application shall be considered for processing.

## दस्तावेज़ अपलोड करना / Uploading of Documents:

प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित दस्तावेजों में से प्रत्येक की रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करने की आवश्यकता है, जिसके बिना उसका आवेदन संसाधित नहीं किया जाएगा:
Each candidate is required to upload coloured scanned copy of each of the following documents, without which application will not be processed:

1) फोटो - जेपीजी प्रारूप, आकार 100 केबी या उससे कम
Latest Passport-size Photograph - JPG format, size 100 kB or less

2) मूल प्रमाणपत्रों की स्कैन की गई प्रतियां उचित स्थानों पर अपलोड की जानी चाहिए, इसके बिना फॉर्म जमा नहीं होगा। जो लोग परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं वे अपनी अंक सूची, नवीनतम सेमेस्टर तक, जिसमें वे उपस्थित हुए हैं, एक ही पीडीएफ में जमा कर सकते हैं। ऐसे आवेदन जहां आवश्यक दस्तावेजों के अलावा

अन्य दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, उन्हें अपूर्ण आवेदन माना जाएगा और बिना किसी आगे की प्रक्रिया के सीधे खारिज कर दिया जाएगा।
Scanned copies of original certificates in appropriate places without which the form will not get submitted. Those who are in the result-awaiting category can submit their mark lists, up to the latest semester in which they have appeared, in a single PDF. Applications where documents other than the required ones are uploaded will be considered as incomplete applications and will be rejected outright without any further processing.

3) अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व./ पीडब्ल्यूडी श्रेणियों के लिए उपलब्ध आरक्षण लाभ चाहने वाले आवेदकों को भारत सरकार की संबंधित आरक्षण के दावे को सही ठहराने वाले आवश्यक दस्तावेज की सूचियाँ/ नियम/ मानदंड के अनुसार अपलोड करने होंगे। अपलोड किया गया प्रमाणपत्र केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए।
Applicants seeking reservation benefits available for SC/ST/OBC/PwBD categories must upload the necessary documents justifying the claim of respective reservation as per Govt. of India lists/rules/norms. The certificate uploaded should be in the format prescribed by the Union Government.

4) संक्षिप्त सार-वृत्त
Brief Resume

## चयन प्रक्रिया / Selection Process:

1) विज्ञापन में वर्णित निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकताएं हैं और इसका होना इस बात की गारंटी नहीं देता है कि उम्मीदवार को लिखित परीक्षा या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। विधिवत गठित स्क्रीनिंग कमेटी दी गई पात्रता मानदंड के आधार पर पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की जाँच करेगी और लिखित परीक्षा या साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को शॉर्ट-लिस्ट करने हेतु आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मानदंड प्रस्तुत कर सकती है।
The qualifications prescribed in the advertisement are the minimum requirements and possession of the same doesn't guarantee that the candidate would be called for a written test or interview. A duly constituted Screening Committee shall screen the applications received for the posts based on the given eligibility criteria and may introduce additional criteria as deemed necessary for short-listing the candidates for written test or interview.

2) आई.आई.टी.एम. आरएफ़ पदों हेतु अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में, उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए आई.आई.टी.एम. एक लिखित परीक्षा आयोजित कर सकता है। इस परीक्षा का उद्देश्य केवल साक्षात्कार के लिए आवेदनों को छांटना है। एक बार उम्मीदवार का चयन साक्षात्कार के लिए हो जाने के पश्चात, लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को अंतिम चयन प्रकीया के लिए नहीं माना जाएगा। **साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर ही अंतिम चयन किया जाएगा।**
In the event of a large number of applications received for IITM Research Fellow positions, IITM may conduct a written test to shortlist the candidates. The purpose of this test is only to shortlist the applications for the interview. Once the candidate is selected for an interview, the marks obtained in the written test will not be considered for the final selection process. **Final selection will be done only based on the marks obtained in the Interview.**

3) शॉर्टलिस्ट या स्क्रीन-इन किए गए उम्मीदवारों को चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। पत्र व्यवहार केवल स्क्रीन-इन / शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के साथ ही किया जाएगा। उम्मीदवारों की शॉर्ट-लिस्टिंग से संबंधित किसी पत्राचार पर आई.आई.टी.एम. द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। शॉर्ट-लिस्टेड उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए प्रवेश-पत्र केवल ई-मेल द्वारा भेजे जाएंगे। उन उम्मीदवारों के साथ किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा, जिन्हें शॉर्टलिस्ट/स्क्रीन्ड-इन नहीं किया गया है।
The shortlisted or screened-in candidates will be called for an interview before the Selection Committee. Communication shall be sent only to the screened-in/shortlisted candidates. IITM will not entertain any correspondence on the issue of short-listing of candidates. The call letters for the interview to the short-listed candidates will be sent only by e-mail. No communication shall be made to the candidates who are not short-listed/ not screened in.

## सामान्य शर्तें / *General Conditions:*

1) केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
Only Indian Nationals are eligible to apply.

2) पद पूर्ण रूप से अस्थायी हैं और केवल विशेष अवधि हेतु हैं।
The positions are purely temporary and only for specific duration.

3) ऊपर दर्शाए गए पदों की संख्या अनंतिम है।
The number of positions indicated above is provisional.

4) निदेशक, आई.आई.टी.एम. बिना किसी कारण के साक्षात्कार को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
The Director, IITM reserves the right to cancel/postpone the interview without any reason thereof.

5) निदेशक, आई.आई.टी.एम. सभी या किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
The Director, IITM reserves the right not to fill up all or any of the positions.

6) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय उनके ऑनलाइन जमा किए गए आवेदनों में दिए गए विवरण के प्रमाण के रूप में संबंधित मूल दस्तावेज़ों,अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि केंद्र / राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्त निकायों में पहले से कार्यरत हैं) के साथ स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के सेट के साथ प्रस्तुत करना होगा। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में ऑनलाइन प्रस्तुत की गई कोई भी जानकारी गलत/झूठी/तथ्यों को छिपाई गई पाई जाती है, तो उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी और न ही कोई यात्रा भत्ता दिया जाएगा। यदि उम्मीदवार के चयन/नियुक्ति के बाद ऐसी झूठी सूचना का पता चलता है, तो उसे बिना कोई कारण बताए बर्खास्त किया जा सकता है।
Candidates called for Interview will have to produce all relevant original documents, including No Objection Certificate (if employed already under Central/State Government, Public Sector Undertakings or Autonomous Bodies) as proof of details furnished in their applications submitted on-line, along with a set of self-attested photocopies at the time of Interview. If any information furnished online is found to be wrong/false/suppressed at any stage of the recruitment process, the candidate will not be allowed for Interview and no Travelling Allowance shall be paid. In case such false information is discovered after the candidate has been selected/ appointed, he/she is liable to be terminated without assigning any reason.

7) यह उम्मीदवार को सुनिश्चित करना है कि वह पात्रता मानदंडों को पूर्ण करता है और आवश्यकताओं का अनुपालन करता है और इस विज्ञापन के साथ-साथ आवेदन पत्र में निहित निर्देशों का पालन करता है। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें और आवेदन पत्र को पूरा भरकर इस संबंध में दिए गए निर्देशों के अनुसार जमा करें।
It is for the candidate to ensure that he / she fulfills the eligibility criteria and complies with the requirements and adheres to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form. Candidates are, therefore, urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard.

8) बिना फोटोग्राफ, बिना दस्तावेजों आदि के साथ अधूरे आवेदनों (उपर्युक्त "दस्तावेजों को अपलोड करना" निर्देश देखें) को सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा।
Incomplete applications with missing photograph, documents etc. (see "Uploading of Documents" instruction mentioned above) will be rejected outright.

9) लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए स्वीकार्य टीए / डीए भारत सरकार के आदेशों के अनुसार माना जाएगा।
No TA/DA will be paid for attending the written test/ interview. For SC/ST candidates, admissible TA/DA shall be considered as per Government of India orders.

10) आवेदन केवल ऑन-लाइन द्वारा प्राप्त किए जाएंगे और चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आवेदकों को बुलावा पत्र सहित भविष्य में सभी पत्राचार केवल ईमेल/आई.आई.टी.एम. वेबसाइट के माध्यम से किए जाएंगे। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे सही ईमेल पता प्रदान करें, समय-समय पर अपनी ई-मेल जांचें (स्पैम फ़ोल्डर सहित) और नियमित आधार पर आई.आई.टी.एम. वेबसाइट देखें। तकनीकी या अन्य कारणों से, उम्मीदवारों को किसी भी पत्राचार की प्राप्ति न होने पर आई.आई.टी.एम. उत्तरदायी नहीं होगा।
Applications will be received on-line only and all further communications including the Call Letter for interview to the selected candidates will be made to the applicants through email/ IITM website only. Therefore, the applicants are advised to provide the correct email address, check their e-mail from time to time (including spam folder) and visit the IITM website on a regular basis. IITM will not be responsible for non-receipt of any communication, due to technical reasons or whatsoever, to the candidates.

11) यदि उम्मीदवारों को अंकों के बजाय ग्रेड/सीजीपीए दिया जाता है, तो ग्रेड/सीजीपीए को अंकों को प्रतिशत में बदलना उस विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया पर आधारित होगा जहां से उन्होंने डिग्री प्राप्त की है। ग्रेड/सीजीपीए से अंकों के प्रतिशत में रूपांतरण को सिद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र के संबंधित कॉलम में समतुल्य प्रतिशत की सूचना देनी चाहिए और समतुल्य प्रतिशत हेतु आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करना चाहिए (अर्थात, विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंड या समतुल्य प्रतिशत का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय से प्रमाणित प्रति)। यदि कोई विश्वविद्यालय/संस्थान यह पुष्टि करता है कि सीजीपीए को समकक्ष अंकों में बदलने की कोई योजना नहीं है, तो उम्मीदवार को प्राप्त कुल सीजीपीए को अधिकतम सीजीपीए से विभाजित करके और परिणाम को 100 से गुणा करके समतुल्यता स्थापित की जाएगी।
In case the candidates are awarded Grades/CGPA instead of marks, the conversion of Grades/CGPA to percentage of marks would be based on the procedure certified

by the University from where they have obtained the Degree. The onus of proving the conversion from Grades/CGPA to percentage of marks would rest with the candidate. Candidates must indicate equivalent percentage in the relevant column of online application form as per the norms adopted by the University and submit the necessary proof for equivalent percentage (i.e., norms adopted by the University or certified copy from University stating the Equivalent percentage). If a University/Institution confirms that there is no scheme for converting CGPA into equivalent marks, the equivalence would be established by dividing the candidate's CGPA by the maximum CGPA and multiplying the result with 100.

12) विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) नई दिल्ली द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस तरह के प्रमाण पत्र को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।
Candidates possessing Degrees awarded by foreign universities should produce the equivalency certificate issued by the Association of Indian Universities (AIU) New Delhi. Such a certificate needs to be produced at the time of interview.

13) किसी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
No interim correspondence will be entertained.

14) किसी भी रूप में प्रचार करने से उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।
Canvassing in any form will lead to disqualification.

15) ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, आयु सीमा आदि जैसे सभी प्रयोजनों हेतु अंतिम तिथि होगी।
Last date for receipt of online applications will be the cut-off date for all purposes such as age limit etc.

16) चयनित उम्मीदवारों को निर्धारित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा स्वस्थ घोषित किए जाने पर तत्काल पदभार ग्रहण करना आवश्यक होगा।
Selected candidates will be required to join the post immediately on being found fit by the prescribed Medical Authority.

17) चयनित अनुसंधान अध्येता को आई.आई.टी.एम. और स्वयं को लाभान्वित करने वाले प्रासंगिक शोध विषय का चयन कर मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए पंजीकरण करना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए पीएचडी पर्यवेक्षक की नियुक्ति संस्थान के नियमों और अधिदेश के अनुसार की जाएगी।
The selected Research Fellow are required to register for Ph.D. in recognized Universities and take up relevant research topics benefitting the individual and IITM. The PhD supervisor(s) for the selected candidates will be appointed in accordance with the Institute's rules and mandate.

18) यदि हिंदी संस्करण की व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण में दी गई सामग्री ही अंतिम रूप से मान्य होगी।
In case of any ambiguity/ dispute arises on account of interpretation of Hindi version, contents enumerated in English version only shall finally prevail.

19) ध्यातव्य है कि अनिवार्य योग्यता, पदों की संख्या आदि में किसी भी संशोधन से संबंधित शुद्धिपत्र, यदि कोई हो तो, केवल आई.आई.टी.एम. वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा तथा समाचार पत्रों में अधिसूचित/विज्ञापित नहीं किया जाएगा।

It may be noted that corrigendum, if any, related to any modifications to the Essential Qualification Requirements, No. of posts, etc., will be notified in IITM website only and will not be notified/advertised in newspapers.

20) उपर्युक्त पदों पर नियुक्त उम्मीदवारों का आई.आई.टी.एम. में किसी भी पद पर नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा करने का अधिकार नहीं होगा और नियुक्त उम्मीदवारों की सेवाएं बिना किसी सूचना के और बिना कोई कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं।
Candidates appointed against above posts shall not have any claim or right for regular appointment against any posts in IITM and the services of the appointed candidates are liable to be terminated without any notice and without assigning any reasons thereof.

21) विज्ञापन में उल्लिखित रिक्तियों की संख्या आवश्यकताओं के आधार पर भिन्न हो सकती है।
The number of vacancies mentioned in the advertisement may vary depending upon the requirements.

| **महत्त्वपूर्ण तिथियाँ/ Important Date(s) to Remember:** |
|---|
| |
| ऑन-लाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : **12.03.2026 (सायं 5:00 बजे)**<br>Opening Date for On-line Applications : **12.03.2026 (1700 hrs)** |
| ऑन-लाइन आवेदन की अंतिम तिथि: **27.04.2026 (सायं 5:00 बजे)**<br>Closing Date for On-line Applications : **27.04.2026 (1700 hrs)** |
| |
| सामान्य पूछताछ हेतु : 020-25904200<br>For General Enquiries : 020-25904200 |
| ई-मेल पत्राचार हेतु: recruitment@tropmet.res.in<br>For E-mail correspondence : recruitment@tropmet.res.in |

**अद्यतन सूचनाओं के लिए समय-समय पर आई.आई.टी.एम. की वेबसाइट https://www.tropmet.res.in/Careers पर जाएं**

**Visit IITM website https://www.tropmet.res.in/Careers from time to time for the latest update**

**"आई.आई.टी.एम. एक ऐसे कार्यबल हेतु प्रयासरत है जो लैंगिक संतुलन को दर्शाता है। इसलिए, महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"**

**"IITM strives to have a workforce that reflects gender balance. Therefore, women candidates are encouraged to apply."**

**निदेशक/ Director**
भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान
Indian Institute of Tropical Meteorology
डॉ. होमी भाभा रोड, पाषाण
Dr. Homi Bhabha Road, Pashan,
पुणे/ Pune – 411008